**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1227**
**दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**स्तन कैंसर के मामले**

**1227. डॉ. जयंत कुमार राय:**
**श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**
**श्रीमती डिम्पल यादव:**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईक:**
**श्री विनोद कुमार सोनकर:**
**श्री भोला सिंह:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्तन कैंसर विश्व में कैंसर का सबसे आम प्रकार है और स्तन कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या के मामले में भारत का स्थान सबसे ऊंचा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में स्तन कैंसर के मामलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में स्तन कैंसर के पुष्ट मामलों की औसत मृत्यु दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का विचार स्तन कैंसर के उपचार के लिए सहायता और राज सहायता प्रदान करने का है ताकि रोगियों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम किया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या स्तन कैंसर की सभी दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की तत्काल आवश्यकता है जैसा कि विगत में कुछ अन्य दवाओं के लिए किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) से (घ): ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी, आईएआरसी-डब्ल्यूएचओ, 2022 के अनुसार, स्तन कैंसर विश्व स्तर पर कैंसर का सबसे आम प्रकार है, जिसमें वर्ष 2022 में महिलाओं की मृत्यु के 665255 अनुमानित मामले हैं। वर्ष 2022 में महिलाओं में स्तन कैंसर से होने वाली अनुमानित मौतों (98,337) की संख्या में भारत का स्थान सबसे ऊंचा है।

राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीडीआईआर) – राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) के अनुसार, देश में (2019-2023) के दौरान स्तन कैंसर की घटनाओं की अनुमानित संख्या और मृत्यु दर की अनुमानित संख्या, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुलग्नक 1 और 2 में दी गई है।

(ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और उनकी संसाधन क्षमता के अध्यधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के उपचार के लिए अवसंरचना सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन और रोकथाम, शीघ्र निदान, प्रबंधन के लिए जागरूकता सृजन और उचित स्तरीय स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्र को रेफरल पर ध्यान केंद्रित करता है।

जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, एम्स जैसे केन्द्रीय संस्थानों और निजी क्षेत्र के अस्पतालों सहित स्वास्थ्य परिचर्या प्रदानगी प्रणाली में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों पर रोगियों का उपचार हो रहा है। सरकारी अस्पतालों में प्रदत्त उपचार या तो नि:शुल्क है अथवा रियायती दर है।

केन्द्र सरकार विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या कैंसर सुविधा केन्द्र के सुदृढ़ीकरण की योजना कार्यान्वित करती है। उक्त योजना के अंतर्गत 19 राज्य कैंसर संस्थानों (एससीआई) और 20 विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या कैंसर केंद्रों (टीसीसीसी) को अनुमोदन प्रदान किया गया है। झज्जर (हरियाणा) में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, कोलकाता का दूसरा परिसर भी स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत सभी नए एम्स और 13 उन्नयन किए गए मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों में भी कैंसर के उपचार पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत, 60 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मध्यम या विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या के लिए  अस्पताल में भर्ती होने पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय आरोग्य निधि (आरएएन) की अम्ब्रेला स्कीम और स्वास्थ्य मंत्री विवेकाधीन अनुदान (एचएमडीजी) के अंतर्गत कैंसर सहित प्रमुख जानलेवा रोगों से पीड़ित गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के गरीब रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उपचार लागत के एक हिस्से की भरपाई के लिए एचएमडीजी के तहत अधिकतम 1,25,000/- रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और आरएएन की अम्ब्रेला योजना के तहत प्रदान की जाने वाली अधिकतम वित्तीय सहायता 15 लाख रुपये है।

(च) और (छ): सभी वस्तुओं (दवाओं सहित) पर जीएसटी दरें जीएसटी परिषद की सिफारिशों पर निर्धारित की जाती हैं जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री और संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की  सरकारों द्वारा नामित मंत्री शामिल होते हैं। कैंसर की औषधियों सहित दवाओं पर जीएसटी पूर्व दर संरचना को ध्यान में रखते हुये 18% की मानक दर के मुकाबले 5 % या 12 % कम करके दर रखी गई है। अधिकांश जीवन रक्षक और महत्वपूर्ण दवाएं 5% कम जीएसटी दर पर हैं। इसके अलावा, शुल्क ढांचे में बदलाव के संबंध में जीएसटी परिषद की कोई सिफारिश नहीं है।

*****

**अनुलग्नक-1**

| तालिका 1: विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट की गई भारत में कैंसर के मामलों की अनुमानित घटनाएं - स्तन कैंसर (आईसीडी10: सी50) - (2019-2023) - महिलाएं | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **2019** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** |
| जम्मू और कश्मीर | 1763 | 1812 | 1864 | 1915 | 1967 |
| लद्दाख यूटी | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| हिमाचल प्रदेश | 1310 | 1342 | 1374 | 1405 | 1437 |
| पंजाब | 6037 | 6192 | 6347 | 6507 | 6667 |
| चंडीगढ़ | 161 | 168 | 172 | 176 | 180 |
| उत्तरांचल | 1678 | 1723 | 1768 | 1813 | 1859 |
| हरियाणा | 4225 | 4356 | 4487 | 4624 | 4761 |
| दिल्ली | 3373 | 3491 | 3609 | 3734 | 3859 |
| राजस्थान | 10312 | 10597 | 10889 | 11187 | 11488 |
| उत्तर प्रदेश | 27863 | 28573 | 29295 | 30032 | 30781 |
| बिहार | 14016 | 14388 | 14766 | 15157 | 15555 |
| सिक्किम | 32 | 33 | 34 | 36 | 36 |
| अरुणाचल प्रदेश | 70 | 71 | 72 | 75 | 76 |
| नागालैंड | 82 | 87 | 90 | 90 | 94 |
| मणिपुर | 165 | 170 | 176 | 183 | 191 |
| मिजोरम | 120 | 122 | 126 | 130 | 134 |
| त्रिपुरा | 161 | 167 | 171 | 174 | 179 |
| मेघालय | 88 | 89 | 92 | 94 | 96 |
| असम | 2806 | 2880 | 2956 | 3033 | 3109 |
| पश्चिम बंगाल | 15749 | 16155 | 16562 | 16975 | 17398 |
| झारखंड | 4880 | 5016 | 5160 | 5302 | 5448 |
| उड़ीसा | 7339 | 7508 | 7681 | 7857 | 8035 |
| छत्तीसगढ़ | 4165 | 4274 | 4383 | 4498 | 4615 |
| मध्य प्रदेश | 11198 | 11501 | 11814 | 12135 | 12458 |
| गुजरात | 10350 | 10631 | 10920 | 11209 | 11506 |
| दमन | 30 | 32 | 33 | 33 | 33 |
| दादरा और नागर हवेली | 41 | 44 | 46 | 48 | 52 |
| महाराष्ट्र | 17736 | 18174 | 18619 | 19071 | 19530 |
| तेलंगाना | 7302 | 7491 | 7679 | 7872 | 8066 |
| आंध्र प्रदेश | 10930 | 11174 | 11421 | 11669 | 11921 |
| कर्नाटक | 13085 | 13427 | 13774 | 14126 | 14484 |
| गोवा | 274 | 277 | 285 | 293 | 297 |
| लक्षद्वीप | 14 | 14 | 14 | 14 | 14 |
| केरल | 8220 | 8382 | 8545 | 8709 | 8874 |
| तमिलनाडु | 14251 | 14659 | 15073 | 15499 | 15931 |
| पुदुच्चेरी | 288 | 297 | 308 | 320 | 332 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 68 | 70 | 71 | 74 | 76 |
| **कुल** | **200218** | **205424** | **210714** | **216108** | **221579** |

**संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम रिपोर्ट**

| तालिका 2: विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट की गई भारत में कैंसर के मामलों की अनुमानित मृत्यु दर- स्तन कैंसर (आईसीडी10: सी50) - (2019-2023) - महिलाएं | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राज्य | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
| जम्मू और कश्मीर | 656 | 674 | 694 | 712 | 732 |
| लद्दाख यूटी | 13 | 14 | 14 | 15 | 15 |
| हिमाचल प्रदेश | 487 | 499 | 511 | 523 | 535 |
| पंजाब | 2246 | 2303 | 2361 | 2421 | 2480 |
| चंडीगढ़ | 60 | 62 | 64 | 65 | 67 |
| उत्तरांचल | 624 | 641 | 658 | 674 | 692 |
| हरियाणा | 1572 | 1620 | 1669 | 1720 | 1771 |
| दिल्ली | 1255 | 1299 | 1343 | 1389 | 1436 |
| राजस्थान | 3836 | 3942 | 4051 | 4162 | 4274 |
| उत्तर प्रदेश | 10365 | 10629 | 10898 | 11172 | 11451 |
| बिहार | 5214 | 5352 | 5493 | 5638 | 5786 |
| सिक्किम | 12 | 12 | 13 | 13 | 13 |
| अरुणाचल प्रदेश | 26 | 26 | 27 | 28 | 28 |
| नागालैंड | 31 | 32 | 33 | 33 | 35 |
| मणिपुर | 61 | 63 | 65 | 68 | 71 |
| मिजोरम | 45 | 45 | 47 | 48 | 50 |
| त्रिपुरा | 60 | 62 | 64 | 65 | 67 |
| मेघालय | 33 | 33 | 34 | 35 | 36 |
| असम | 1044 | 1071 | 1100 | 1128 | 1157 |
| पश्चिम बंगाल | 5859 | 6010 | 6161 | 6315 | 6472 |
| झारखंड | 1815 | 1866 | 1920 | 1972 | 2027 |
| उड़ीसा | 2730 | 2793 | 2857 | 2923 | 2989 |
| छत्तीसगढ़ | 1549 | 1590 | 1630 | 1673 | 1717 |
| मध्य प्रदेश | 4166 | 4278 | 4395 | 4514 | 4634 |
| गुजरात | 3850 | 3955 | 4062 | 4170 | 4280 |
| दमन | 11 | 12 | 12 | 12 | 12 |
| दादरा और नागर हवेली | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| महाराष्ट्र | 6598 | 6761 | 6926 | 7094 | 7265 |
| तेलंगाना | 2716 | 2787 | 2857 | 2928 | 3001 |
| आंध्र प्रदेश | 4066 | 4157 | 4249 | 4341 | 4435 |
| कर्नाटक | 4868 | 4995 | 5124 | 5255 | 5388 |
| गोवा | 102 | 103 | 106 | 109 | 110 |
| लक्षद्वीप | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| केरल | 3058 | 3118 | 3179 | 3240 | 3301 |
| तमिलनाडु | 5301 | 5453 | 5607 | 5765 | 5926 |
| पुदुच्चेरी | 107 | 110 | 115 | 119 | 124 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 25 | 26 | 26 | 28 | 28 |
| **कुल** | **74481** | **76414** | **78387** | **80390** | **82429** |

**संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम रिपोर्ट**

*****